**भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण**

**वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु मासिक उपलब्धियों की सामग्री**

**February, 2026**

1. FSSAI has launched a bi-annual food science magazine, with its inaugural issue released in January 2026. This flagship publication initiative serves as a vital platform for bridging the gap between the regulator and stakeholders by disseminating the latest developments in food safety policies, standards, and scientific advancements.
2. FSSAI participated in Arogya Utsav & Expo 2026, held from 21–23 February 2026 at Bharat Mandapam, and showcased its ongoing awareness campaigns, including #StopObesity and Har Label Kuch Kehta Hai.
3. Educational session under the Eat Right CHAMPS program was conducted at FSSAI (HQ), with the students of Ramjas College. The program focused on providing hands-on exposure to food safety systems, food regulations, and the Eat Right India movement.
4. FSSAI participated in the Food Safety Exchange Program on Food Safety Regulations organized by Consumer Affairs Agency (CAA), Japan.
5. FSSAI collaborated with the National School of Drama during Bharat Rang Mahotsav (Advitiya segment, January 27–February 20, 2026) to amplify food safety and healthy living messages through strategic displays across the venue. Informative panels highlighted the Hon'ble Prime Minister's message on fighting obesity and reducing oil consumption, alongside awareness materials on reading food labels and addressing food safety complaints.
6. FSSAI participated in the United States Pharmacopeia (USP) Science Symposium – Advancing Medicine Quality Through Standards on Tuesday, 10 February 2026 in Hyderabad.
7. FSSAI participated as a speaker in BIOFACH 2026 held at Nuremberg Germany and also participated in meetings held on 10th to 13th February, 2026 with the EU delegation.
8. FSSAI requested the enforcement authorities (States & Central) to conduct a monthly surveillance drive on 'Pulses' in the Month of February.
9. FSSAI constituted Food Safety Coordination committee (FSCC), that

comprises officials of various departments responsible for coordinating and managing food safety emergency response activities through multi-sectoral coordination, timely decision-making and the efficient execution of responses.

10. FSSAI participated in 29th Session of Codex Committee on Fats and Oils at Kuala Lumpur, Malaysia; and opted as co-chair of EWG on Revision to the Standard for Named Vegetable Oils (CXS 210-1999) to include Shea Butter.
11. FSSAI participated in the India–USA Bilateral Trade Agreement (BTA) Meeting held on 11.02.2026 and 13.02.2026 organised by Department of Commerce.
12. 15 Scientific Panel Meetings and 06 Expert Committee Meetings held during the month.
13. Total 05 Stakeholder Consultations and Interactions held during the month on various matters.
14. 02 Microbiology Section of Laboratories at Guindy and Madurai (Tamil Nadu) have been inaugurated on 06.02.2026.
15. Under the Eat Right India Initiatives, a total of 146 Eat Right Campuses, 03 Eat Right Stations, 107 Eat Right Schools, 14 Eat Right Street Food Hubs, and 20 Eat Right Places of Worship have been certified.
16. Total 255 social media posts have been posted on different platforms like - X (Twitter), Facebook, Instagram, LinkedIn, YouTube, Public App to make people aware about food safety and hygiene.
17. A total 47,402 food handlers were trained which includes 7,385 Street Food Vendors.

**भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण**

**वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु मासिक उपलब्धियों की सामग्री**

**<u>फ़रवरी, 2026</u>**

1. FSSAI ने द्विवार्षिक खाद्य विज्ञान पत्रिका (Bi-Annual Food Science Magazine) का शुभारंभ किया है, जिसका प्रथम अंक जनवरी 2026 में जारी किया गया। यह प्रमुख प्रकाशन पहल खाद्य सुरक्षा नीतियों, मानकों एवं वैज्ञानिक प्रगतियों से संबंधित नवीनतम जानकारियों के प्रसार के माध्यम से नियामक एवं हितधारकों के बीच समन्वय स्थापित करने हेतु एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में कार्य करेगी।
2. FSSAI ने 21–23 फरवरी 2026 तक भारत मंडपम में आयोजित आरोग्य उत्सव एवं एक्सपो 2026 में भाग लिया तथा #StopObesity एवं "हर लेबल कुछ कहता है" सहित अपनी जागरूकता अभियानों का प्रदर्शन किया।
3. ईट राइट CHAMPS कार्यक्रम के अंतर्गत FSSAI मुख्यालय में रामजस कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए एक शैक्षिक सत्र आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को खाद्य सुरक्षा प्रणाली, खाद्य विनियमों एवं ईट राइट इंडिया आंदोलन से संबंधित व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना था।
4. FSSAI ने जापान की कंज्यूमर अफेयर्स एजेंसी (CAA) द्वारा आयोजित खाद्य सुरक्षा विनियमों पर "फूड सेफ्टी एक्सचेंज प्रोग्राम" में भाग लिया।
5. FSSAI ने भारत रंग महोत्सव (अद्वितीय खंड, 27 जनवरी–20 फरवरी 2026) के दौरान राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (NSD) के साथ सहयोग किया, ताकि रणनीतिक प्रदर्शनों के माध्यम से खाद्य सुरक्षा एवं स्वस्थ जीवनशैली के संदेशों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा सके। प्रदर्शित सूचना पैनलों में माननीय प्रधानमंत्री का मोटापे से लड़ने एवं तेल की खपत कम करने संबंधी संदेश, खाद्य लेबल पढ़ने तथा खाद्य सुरक्षा शिकायतों से संबंधित जागरूकता सामग्री शामिल थी।
6. FSSAI ने 10 फरवरी 2026 को हैदराबाद में आयोजित "यूनाइटेड स्टेट्स फार्माकोपिया (USP) साइंस संगोष्ठी – मानकों के माध्यम से औषधि गुणवत्ता उन्नयन" कार्यक्रम में भाग लिया।
7. FSSAI ने जर्मनी के नूरेमबर्ग में आयोजित BIOFACH 2026 में वक्ता के रूप में भाग लिया तथा 10 से 13 फरवरी 2026 के दौरान यूरोपीय संघ (EU) प्रतिनिधिमंडल के साथ आयोजित बैठकों में भी भागीदारी की।
8. FSSAI ने राज्य एवं केंद्रीय प्रवर्तन प्राधिकरणों से फरवरी माह में 'दालों (Pulses)' पर मासिक निगरानी अभियान चलाने का अनुरोध किया।
9. FSSAI ने खाद्य सुरक्षा समन्वय समिति (Food Safety Coordination Committee - FSCC) का गठन किया, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी शामिल हैं। यह समिति बहु-क्षेत्रीय समन्वय, समयबद्ध निर्णय एवं प्रभावी प्रतिक्रिया निष्पादन के माध्यम से खाद्य सुरक्षा आपातकालीन गतिविधियों के समन्वय एवं प्रबंधन हेतु कार्य करेगी।
10. FSSAI ने कुआलालंपुर, मलेशिया में आयोजित कोडेक्स समिति ऑन फैट्स एंड ऑयल्स (CCFO) के 29वें सत्र में भाग लिया तथा "Named Vegetable Oils Standard (CXS 210-1999)" में शीया बटर को शामिल करने हेतु संशोधन पर गठित इलेक्ट्रॉनिक कार्य समूह (EWG) के सह-अध्यक्ष के रूप में चयनित हुआ।
11. FSSAI ने वाणिज्य विभाग द्वारा 11.02.2026 एवं 13.02.2026 को आयोजित भारत–अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौता (BTA) बैठक में भाग लिया।
12. माह के दौरान कुल 15 वैज्ञानिक पैनल बैठकों एवं 06 विशेषज्ञ समिति बैठकों का आयोजन किया गया।
13. माह के दौरान विभिन्न विषयों पर कुल 05 हितधारक परामर्श एवं संवाद आयोजित किए गए।
14. तमिलनाडु के गिंडी एवं मदुरै स्थित प्रयोगशालाओं के 02 माइक्रोबायोलॉजी अनुभागों का उद्घाटन 06.02.2026 को किया गया।

15. ईट राइट इंडिया पहल के अंतर्गत कुल 146 ईट राइट कैंपस, 03 ईट राइट स्टेशन, 107 ईट राइट स्कूल, 14 ईट राइट स्ट्रीट फूड हब तथा 20 ईट राइट धार्मिक स्थलों को प्रमाणित किया गया।
16. खाद्य सुरक्षा एवं स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने हेतु X (ट्विटर), फेसबुक, इंस्टाग्राम, लिंक्डइन, यूट्यूब एवं पब्लिक ऐप जैसे विभिन्न प्लेटफॉर्म्स पर कुल 255 सोशल मीडिया पोस्ट साझा किए गए।
17. कुल 47,402 खाद्य संचालकों (Food Handlers) को प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिनमें 7,385 स्ट्रीट फूड विक्रेता शामिल हैं।